उत्तर प्रदेश सरकार
उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड
19 सी, तुलसी गंगा कॉम्पलेक्स, विधानसभा मार्ग,
लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226001

विज्ञप्ति

उ0प्र0 पुलिस में पुलिस उपनिरीक्षक (गोपनीय), पुलिस सहायक उपनिरीक्षक, (लिपिक) एवं पुलिस सहायक उपनिरीक्षक (लेखा)की सीधी भर्ती–2020 के अन्तर्गत दिनांक 04.12.2021 एवं दिनांक:05.12.2021 को आयोजित ऑनलाइन लिखित परीक्षा के प्रश्नों तथा आन्सर–की (उत्तर कुन्जी) के उत्तर विकल्पों के सम्बन्ध में

संख्याःपीआरपीबी- एक–5(लि0सं0)–16 / 2020 (प्र0पत्र) दिनांकः मार्च 31, 2022

उ0प्र0 पुलिस उप निरीक्षक (गोपनीय), पुलिस सहायक उप निरीक्षक (लिपिक) एवं पुलिस सहायक उप निरीक्षक (लेखा) की सीधी भर्ती–2020 के पदों पर चयन हेतु ऑनलाइन लिखित परीक्षा दिनांक 04.12.2021 तथा 05.12.2021 को उत्तर प्रदेश के विभिन्न केन्द्रो पर आयोजित की गई थी। ऑनलाइन लिखित परीक्षा सम्पन्न होने के उपरान्त अभ्यर्थियों को उनके प्रश्न एवं उनके द्वारा चिन्हित उत्तर विकल्प एवं सम्बन्धित प्रश्न के सापेक्ष कार्यदायी संस्था द्वारा घोषित उत्तर विकल्प को अवलोकन करने तथा उसके सम्बन्ध में साक्ष्य धारित आपत्तियॉ प्रस्तुत करने हेतु अवसर प्रदान किया गया था।

2– अभ्यर्थियों द्वारा प्रस्तुत आपत्तियों पर विषय विशेषज्ञों द्वारा परीक्षण किए जाने के उपरान्त 07 प्रश्नों के सम्बन्ध में आपत्तियॉ उचित पायी गयी है जिसको सक्षम स्तर पर विचार करके स्वीकार किया गया है।

3– एक प्रश्न/उत्तर विकल्प के त्रुटिपूर्ण होने के कारण प्रश्न को निरस्त किए जाने का निर्णय लिया गया है तथा इस प्रश्न के लिए आवंटित अंक का विवरण अभ्यर्थियों में माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद में योजित रिट याचिका संख्या 2669(एम.बी.)/2009 पवन कुमार अग्रहरी बनाम उ0प्र0 लोक सेवा आयोग में स्वीकृत व्यवस्था के अनुसार किया जाएगा।

4– 06 प्रश्नों के उत्तर विकल्पों में परिवर्तन किया गया है।

5– एक निरस्त प्रश्न तथा 06 प्रश्न एवं उनके सही उत्तर विकल्प निम्नलिखित सारणी में अंकित किया जा रहा है:–

Sr No.	Question & Options	Earlier declared answer	Final answer key
1	Which among the following states has the highest proportion of Rural Population in India? A. Bihar B. Rajasthan C. Uttar Pradesh D. Tamil Nadu	C	A
2	What is the term given to the act of wrongfully obtaining someone's personal information without their permission? A. Phishing B. Identity theft C. Internet time theft D. Cyber defamation	B	A and B

3	Which of the following Organisation publishes the 'The State of The World's forest' report? A. United Nations Environment Program B. The Food and Agricultural Organisation C. German Watch D. United Nations Framework Convention on Climate Change	B	A and B
4	What was the first special Act to deal with terrorism? A. Prevention of Terrorism Act B. Unlawful Activities Prevention Act C. Terrorism and Disruption Prevention Act D. National Investigation Act	B	Question Dropped
5	__________ is the change of location or position of an object with respect to time. A. Motion B. Momentum C. Speed D. Force	A	A and C
6	Which word will be the third after rearranging the following words according to English dictionary? A. Gadget B. Gangly C. Garage D. Gainly	C	B
7	A collection of program that controls how your computer system runs and processes information is called __________. A. Compiler B. Interpreter C. MS office D. Operating System	A	D

6– उपरोक्त भर्ती प्रक्रिया के अन्तर्गत निर्गत की जा रही संशोधित उत्तर कुन्जी अन्तिम है तथा इसके पश्चात उत्तर कुन्जी के सम्बन्ध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्तियॉ स्वीकार नहीं की जायेगी।

7– यद्यपि इस सूचना को वेबसाइट पर अपलोड किये जाने में पर्याप्त सावधानी बरती गयी है, फिर भी किसी प्रकार की तकनीकी त्रुटि के लिये बोर्ड उत्तरदायी नहीं होगा और न ही त्रुटि पाये जाने पर त्रुटिपूर्ण अंकन का किसी को किसी प्रकार का लाभ या अधिकार प्राप्त होगा या अनुमन्य होगा।

31/3/24

अपर सचिव, भर्ती
उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड,
लखनऊ।